आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 14.06.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- देहरादून स्थित भारतीय सैन्य अकादमी में भव्य पासिंग आउट परेड का आयोजन, भारतीय सेना को मिले 419 नए युवा अधिकारी।
- राज्य निर्वाचन आयोग ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 को लेकर सोशल मीडिया पर चल रही भ्रामक खबरों का खंडन किया। कहा–अभी चुनाव का कार्यक्रम घोषित नहीं।
- शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा –प्रदेश में शिक्षकों को जल्द ही पदोन्नति और वार्षिक स्थानांतरण का लाभ मिलेगा।
- मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने 21 जून को आयोजित होने वाले योग दिवस की सभी तैयारियां समय से पूरा करने के निर्देश दिए।

पीओपी

भारतीय सेना को आज 419 नए युवा अधिकारी मिले हैं। उत्तराखंड स्थित भारतीय सैन्य अकादमी, देहरादून में आज पासिंग आउट परेड का भव्य आयोजन हुआ, जहां कुल 451 जेंटलमैन कैडेट्स ने अंतिम पग पार करते हुए सेना अधिकारी बनने का गौरव प्राप्त किया। इनमें 32 कैडेट मित्र राष्ट्रों से हैं, जो प्रशिक्षण पूरा कर अब अपने देशों की सेनाओं में शामिल होंगे।

श्रीलंका के सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल बी.के.जी.एम लासांथा रोड्रिगो ने बतौर रिव्यूइंग ऑफिसर परेड का निरीक्षण किया और परेड की सलामी ली।

ऐतिहासिक चेटवुड भवन के समक्ष आयोजित इस परेड में युवा कैडेट्स ने अनुशासन, परिश्रम और सैन्य गर्व का अद्वितीय प्रदर्शन किया। सैनिक परंपराओं और गौरवशाली विरासत के बीच यह आयोजन देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत रहा।

पंचायत चुनाव

राज्य निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 को लेकर अभी तक कोई कार्यक्रम घोषित नहीं किया गया है। सोशल मीडिया पर चल रही भ्रामक खबरों को गलत बताते हुए आयोग ने कहा है कि चुनाव की तैयारियां जारी हैं, लेकिन तारीखों की घोषणा नही हुई है।

चुनाव तैयारियों के तहत देहरादून स्थित राज्य निर्वाचन भवन में गढ़वाल मंडल के छह जिलों के अधिकारियों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। इसमें उप जिला निर्वाचन अधिकारी, पंचायती चुनाव अधिकारी, सूचना विज्ञान केंद्र और प्रशिक्षण प्रभारी शामिल हुए।

प्रशिक्षण के दौरान एनआईसी टीम ने सॉफ्टवेयर का लाइव प्रदर्शन किया और तकनीकी प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई। अधिकारियों को उत्तराखण्ड पंचायतीराज अधिनियम 2018 और उससे जुड़े नियमों की जानकारी देने के साथ ही मतदान किट, रूट चार्ट, टेंट–बैरिकेडिंग, खर्च सीमा और कार्मिकों के प्रशिक्षण जैसे जरूरी पहलुओं पर चर्चा की गई।

बैठक

मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में प्रदेश की वन पंचायतों में गैर प्रकाष्ठ वन उपज का विकास एवं हर्बल एवं एरोमा टूरिज्म प्रोजेक्ट की स्टेट लेवल मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक की। मुख्य सचिव ने संबंधित अधिकारियों को हरिद्वार और उधम सिंह नगर जिलों में मौजूद जड़ी बूटी उत्पादन की व्यापक संभावनाएं तलाशने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन मैदानी जिलों में वन पंचायत का अस्तित्व नहीं हैं इसीलिए इन यहां पर ग्राम पंचायत के माध्यम से जड़ी–बूटी का उत्पादन शुरू करना लाभकारी साबित होगा। श्री बर्धन ने हर्बल उत्पादन से संबंधित सभी डाटा की GIS मैपिंग करने और इसके सभी स्तर के आंकड़ों का डिजिटलीकरण करने को कहा। साथ ही इससे संबंधित फॉरेस्ट और नॉन फॉरेस्ट एक्टिविटीज का फॉरेस्ट डेवलपमेंट एजेंसी से एग्जामिन कराने के निर्देश दिए।

पॉलीहाउस

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने अधिकारियों को नाबार्ड योजना के तहत छोटे पॉलीहाउसों की स्थापना में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही जिन कृषकों की ओर से कृषकांश की धनराशि जमा की गई है, उनके प्रक्षेत्रों पर प्राथमिकता के आधार पर पॉलीहाउसों की स्थापना कराए जाने को कहा। कल देहरादून में कृषि मंत्री ने उद्यान विभाग की ओर से संचालित नाबार्ड की आरआईडीएफ योजनान्तर्गत क्लस्टर आधारित छोटे पॉलीहाउस में सब्जी व फूलों की खेती योजना की समीक्षा की। बैठक में कृषि एवं उद्यान विभाग के महानिदेशक की ओर से बताया गया कि कार्यदायी संस्था की ओर से गढ़वाल व कुमाऊ मंडल के लिए अधिकृत फर्मों और कं पनियों के प्रतिनिधियों के साथ निरन्तर समीक्षा की जा रही है। उन्होंने बताया कि नाबार्ड योजना के तहत वर्तमान तक कुल 860 कृषकों की ओर से कृषकांश के रूप में 3 करोड़ 12 लाख रूपये़ की धनराशि उपलब्ध कराई गई है जबकि 290 पॉलीहाउसों की स्थापना की जा चुकी है।

पार्किंग

मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने प्रदेश में कमर्शियल संस्थानों के बेसमेंट पार्किंग का शत–प्रतिशत उपयोग करने पर बल दिया। उन्होंने बेसमेंट में पार्किंग न कराने वाले संस्थानों और संबंधित व्यक्ति पर सख्ती से एनफोर्समेंट की कार्रवाई करने के अधिकारियों को निर्देश दिए। साथ ही राजधानी देहरादून शहर के ट्रैफिक मैनेजमेंट के गतिमान कार्यों को तेजी से पूरा करने और शहर को स्वचालित और गतिशील बनाने वाले भविष्य के रोडमैप का स्पष्ट खाका तैयार करने को भी कहा है।

इस मौके पर देहरादून में आयोजित बैठक में जिला प्रशासन देहरादून व संबंधित विभागों की ओर से देहरादून शहर को व्यवस्थित और अधिक गतिशील बनाने से संबंधित शहर के मोबिलिटी प्लान का प्रस्तुतीकरण भी किया गया।

स्थानांतरण

शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत  ने कहा कि प्रदेश में विद्यालयी शिक्षा विभाग के अंतर्गत शिक्षकों को जल्द ही पदोन्नति और वार्षिक स्थानांतरण का लाभ मिलने जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसको लेकर राज्य सरकार गंभीर है, जिसके लिए विभागीय अधिकारियों को सभी आवश्यक औपचारिकताएं शीघ्र पूरी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि हाल ही में शिक्षकों के प्रमोशन और वार्षिक स्थानांतरण को लेकर बैठक की गई जिसमें सभी पहलुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

योग

मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने अधिकारियों को आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले योग दिवस की सभी तैयारियों को समय से पूरा करने के निर्देश दिए। इस संबंध में मुख्य सचिव ने कल समीक्षा बैठक में योगा डे के मुख्य आयोजन स्थल भराड़ीसैंण और हरिद्वार में संपूर्ण तैयारियों को लेकर समीक्षा की। उन्होंने आयोजन के नोडल विभाग आयुष विभाग, चमोली और हरिद्वार जिला प्रशासन व संबंधित विभागीय अधिकारियों को बेहतर आपसी समन्वय से सभी तैयारियां करने को कहा।

आपदा रिस्पांस टाइम

मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने अधिकारियों को आपदा रिस्पांस टाइम पर ध्यान देने पर जोर दिया। साथ ही सभी रेखीय विभागों को चौबीस घंटे सर्तक रहने के भी निर्देश दिए। कल देहरादून में मानसून की तैयारियों की समीक्षा बैठक करते हुए मानसून अवधि में संभावित आपदाओं का प्रभावी तरीके से सामना करने के लिए सभी विभागों को अपनी तैयारियों को पुख्ता करने को कहा। उन्होंने कुमाऊ और गढ़वाल मंडलों के आयुक्त और सभी जिलाधिकारियों के साथ ऑनलाइन बैठक की। इस दौरान मुख्य सचिव ने कहा कि आपदाओं का सामना करने में जहां आपदा पूर्व तैयारी महत्वपूर्ण है, वहीं रिस्पांस टाइम भी बेहद जरूरी है। जितना बेहतर हमारा रिस्पांस टाइम होगा, उतना ही प्रभावी तरीके से हम आपदाओं के दौरान राहत और बचाव कार्य करने और आम जनमानस को राहत पहुंचाने में सफल हो सकेंगे। उन्होंने जल भराव की समस्या और अन्य आकस्मिकताओं से प्रभावी तरीके से निपटने के लिए हरिद्वार, ऊधमसिंहनगर, नैनीताल और चंपावत के जलभराव तथा बाढ़ प्रभावित इलाकों में मॉक ड्रिल आयोजित करने के भी निर्देश दिए।

<u>एडीजी</u>

प्रदेश के अपर पुलिस महानिदेशक डाक्टर वी मुरुगेशन ने अपराध ओर अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने पर जोर दिया है। अपर पुलिस महानिदेशक ने यह बात कल जिला पुलिस कार्यालय में आयोजित अपराध समीक्षा बैठक के दौरान कही। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का आह्वान किया ताकि पुलिस पर आम जनता विश्वास और अधिक सुदृढ़ हो सके। साथ ही सर्किलवार अपराधों की गहन समीक्षा करते हुए विवेचनाओं का निस्तारण निष्पक्ष गुणवत्तापूर्ण और समय से सुनिश्चित करने के क्षेत्र अधिकारियों को निर्देश दिए। इसके अलावा वांछित व इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष रणनीति बनाने और उसे युद्ध स्तर पर लागू करने को कहा। साथ ही अपराधियों के खिलाफ इनाम घोषित करने की प्रक्रिया में तेजी जोर दिया।

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर...

इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते हमलों की खबर को सभी समाचार पत्रों ने प्राथमिकता से स्थान दिया है। अमर उजाला का शीर्षक है– इजरायल का ईरान के परमाणु और सैन्य ठिकानों पर बड़ा हमला, सेना प्रमुख समेत 20 कमांडर मारे गए। इसी खबर पर हिन्दुस्तान ने लिखा है–इजरायली प्रहार पर ईरान का पलटवार। अहमदाबाद में हुए विमान हादसे की जांच की खबर को भी सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता छापा है –राष्ट्रीय सहारा का शीर्षक है–ड्रीमलाइनर बेड़े की होगी कड़ी सुरक्षा जांच। इसी समाचार पर दैनिक जागरण की हेडिंग है– विमान का ब्लैक बाक्स मिला, ड्रीमलाइनर विमान की हर उड़ान से पहले होगी गहन जांच।

देहरादून स्थित भारतीय सैन्य अकादमी में पासिंग आउट परेड की सूर्खियों में–दैनिक जागरण और राष्ट्रीय सहारा ने लिखा–भारतीय सेना को आज मिलेंगे 419 युवा अफसर।